/font>

Title: Need to protect Bhagalpur, Khagaria and Katihar districts in Bihar from severe erosion caused by the Ganga, Koshi and Bagmati rivers- Laid.

श्रीमती रेणु कुमारी (खगड़िया): अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के भागलपुर, खगड़िया एवं कटिहार जिलों के कई गांव गंगा, कोशी तथा बागमती नदियों के भीषण कटाव से क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। भागलपुर जिलान्तर्गत कमलाकुंड बुद्धचक, करारी तीन टंगा फूलकिया गंगा नदी के एंव पुनामा प्रतापनगर, मिल्की मदरौनी, श्रीपुर कालूचक विपुरिया तथा चौरहर ग्राम कोशी नदी के कटाव से ग्रस्त हैं जबकि खगड़िया जिला के वौरना, ढ़ाढ़ी पचाठ, वीरवास तैगाछी, कोयला बसुआ, अम्बाटोला रसौंक, गैन्डगटी, घूरनमोड़, सैदपुर मलपा आदि गांव गंगा, कोसी एवं बागमती नदी के कटाव से ग्रस्त हैं। गंगा, कोसी एवं बागमती के कटाव की रोकथाम तथा गंगा प्रसाद बांध के भीतरी क्षेत्र में कृाि योग्य भूमि से जल निकासी कार्य आवश्यक है।

अतएव मैं कटाव पीड़ित ग्रामों को बचाने हेतु कटाव रोधी कार्य तथा जल-जमाव निकासी हेतु आवश्यक कार्य योजना बनाने हेतु केन्द्र सरकार से मांग करती हूं।